## राज्यपाल सचिवालय
## राजभवन,जयपुर

क्रमांक पं.19()राम/स्टोर/क्ली.2023/4642 — दिनांक 29 अगस्त, 2023

**ई–बोली आमंत्रण सूचना– 07/2023–24**

राजभवन परिसर जयपुर में जॉब बेसिस (कार्य आधार) पर अतिथि गृह,सचिवालय कक्षों,संविधान पार्क एवं अन्य स्थानों पर दैनिक साफ–सफाई कार्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक,जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970,कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952,कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948,वस्तु एवं सेवाकर (GST), आयकर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो,से निम्नलिखित प्रकार से ई–बोली (तकनीकी–वाणिज्यिक/क्वालिफाइंग बिड व वित्तीय/प्राईस बिड) आमंत्रित की जाती है:–

| कार्य का विवरण | अवधि | अनुमानित लागत समस्त कर सहित (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये) | बोली प्रपत्र शुल्क राशि (रूपये) | ई– बोली प्रोसेसिंग शुल्क राशि (रूपये) | ई–बोली दस्तावेज डाउनलोड शुरू करने की दिनांक एवं समय | ई–बोली दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई–बोली (तकनीकी–वाणिज्यिक) खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजभवन परिसर जयपुर में जॉब बेसिस (कार्य आधार) पर अतिथि गृह, सचिवालय कक्षों, संविधान पार्क एवं अन्य स्थानों पर दैनिक साफ–सफाई कार्य। | एक वर्ष | 15.00 लाख | 30000/– | 500/– | 500/– | 31.08.2023 5:00 PM | 14.09.2023 12:30 PM | 14.09.2023 3:00 PM |

1. ई–बोली आमंत्रण सूचना, विस्तृत ई–बोली आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज विभागीय वेबसाईट www.rajbhawan.rajasthan.gov.in व राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
2. ई–बोली केवल http://eproc.rajasthan.gov.in पर ही स्वीकार की जायेगी। वित्तीय बोली/प्राईस बिड के लिए ई–प्रक्योरमेंट पोर्टल पर निर्धारित बी.ओ.क्यू (BOQ) में ही राशि का अंकन किया जाना है।
3. **ई–बोली प्रतिभूति राशि एवं ई–बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक "वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर" के नाम तथा ई–बोली प्रोससिंग फीस राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक "M.D. RISL." जयपुर के पक्ष में बनाना होगा।**
4. **ई–बोली प्रतिभूति राशि, ई–बोली प्रपत्र शुल्क व ई–बोली प्रोसेसिंग फीस का डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक दिनांक 14.09.2023 को दोपहर 1:00 बजे तक राजभवन में उपस्थित होकर भौतिक रूप से जमा कराने होंगे।इसके अभाव में तकनीकी एवं वाणिज्यक बोली खोली नही जावेगी।**
5. ई–बोली (तकनीकी वाणिज्यिक/क्वालिफाईग बिड) दिनांक 14.09.2023 को दोपहर बाद 3.00 बजे राज्यपाल सचिवालय में उपस्थित बोली दाताओं/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
6. किसी ई–बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

(संध्या शर्मा)
वित्तीय सलाहकार,
राज्यपाल सचिवालय

क्रमांक पं.19()राम/स्टोर/क्ली.2023/4643 — दिनांक 29 अगस्त,2023

**प्रतिलिपि :– निम्नांकित को वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निदेशक,सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,शासन सचिवालय,जयपुर को एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र व एक राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।
2. कन्ट्रोलर, राज्यपाल हाउसहोल्ड,राजभवन जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक,सूचना एवं जन सम्पर्क (प्रकोष्ठ),राजभवन जयपुर को निदेशालय, जन सम्पर्क विभाग, शासन सचिवालय,जयपुर से समन्वय स्थापित कर शीघ्र प्रकाशन कराने हेतु।
4. पुस्तकालयाध्यक्ष, राजभवन,जयपुर को ई–बोली आमन्त्रण सूचना विज्ञापन के प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र की कटिंग कर लेखा शाखा में भिजवाये जाने की व्यवस्था कराने हेतु।
5. प्रभारी अधिकारी (IT),राजभवन जयपुर को ई–बोली आमन्त्रण सूचना दस्तावेज को राजभवन पोर्टल www.rajbhawan.rajasthan.gov.in तथा राज्य सरकार के स्टेट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर तुरन्त अपलोड कराने हेतु।
6. नोटिस बोर्ड,राजभवन जयपुर।

वित्तीय सलाहकार
राज्यपाल सचिवालय

परिशिष्ट "अ"

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन,जयपुर

**तकनीकी ई–बोली प्रपत्र**

**राजभवन परिसर जयपुर में जॉब बेसिस (कार्य आधार) पर अतिथि गृह, सचिवालय कक्षों, संविधान पार्क एवं अन्य स्थानों पर दैनिक साफ–सफाई कार्य हेतु ई–बोली:–**

1. बोलीदाता / संवदेक का नाम
2. डाक का पता
3. फोन / मोबाईल नं0
4. ई– मेल
5. बैंक का नाम
   IFSC Code
   खाता संख्या
6. बोलीदाता / संवेदक द्वारा निम्नांकित पंजीकरण इत्यादि का विवरण निर्धारित कॉलम में प्रस्तुत किया जायेगा तथा उक्त पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति स्केन कर बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगी :–

| क्र. सं. | विवरण | रजि. नं0 | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम,1970 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की प्रति। | | | | |
| 2 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम,1952 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की प्रति। | | | | |
| 3 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम,1948 के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की प्रति। | | | | |
| 4 | माल एवं सेवाकर (GST) पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति। | | | | |
| 5 | आयकर स्थाई खाता सं. (PAN) की प्रति। | | | | |
| 6 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इंडियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अंतर्गत<br>या<br>इंडियन कम्पनी एक्ट 1956 के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण–पत्र की प्रति | | | | |

**नोटः–**विधि (विधायी प्रारुपण) विभाग ग्रुप–2 की अधिसूचना दिनांक 11.11.2014 के अनुसार ठेका श्रमिक (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम 1970 की धारा 1(4) के अनुसार यह राजस्थान में 50 या इससे अधिक कर्मकार ठेका श्रमिक के रुप में नियोजित या पूर्ववर्ती बारह मासो के किसी भी दिन नियोजित थे,स्थापन / ठेकेदार पर लागू होता है।

7. बोलीदाता / संवेदक द्वारा गत दो वित्तीय वर्ष (2021–22 व 2022–23) में केन्द्र / राज्य सरकार / राजकीय उपक्रमों में न्यूनतम नो सफाई कर्मी एक पर्यवेक्षक मय मशीन / उपकरण एवं सफाई सामग्री उपलब्ध कराये जाने एवं बोली राशि 15.00 लाख या इससे अधिक के कार्यादेश पर सफाई कार्य करने का अनुभव आवश्यक है। जिनका निम्नलिखित विवरणानुसार निर्धारित कॉलम में अंकन कर संबंधित दस्तावेजों की स्वहस्ताक्षरित प्रति ई–बोली दस्तावेजों के साथ अपलोड़ करना होगाः–

| क्रं. सं. | विभाग / संस्था का नाम | उपलब्ध कराये गये सफाई कर्मीयों की संख्या मय मशीन / उपकरण एवं सफाई सामग्री का आदेश संख्या | उपलब्ध कराये गये सफाई कर्मी मय मशीन / उपकरण एवं सफाई सामग्री की अवधि | संबंधित विभाग / संस्था से जारी संतोषजनक सेवा का प्रमाण पत्र का अंकन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |

8. बोलीदाता / संवेदक द्वारा गत 3 वित्तीय वर्ष (2019–20, 2020–21 व 2021–22) में न्यूनतम टर्नऑवर 15 लाख रूपये होना चाहिए। जिसके समर्थन में चार्टेट अकाउन्टेंट द्वारा ऑडिटेड विवरण पत्र / बैंलेस सीट की स्वहस्ताक्षरित प्रति स्कैन कर बोली दस्तावेजों के साथ अपलोड़ करवाना आवश्यक है।
9. बोलीदाता / संवेदक के पास स्वयं की या किराये की उपलब्ध मशीनों यथा फ्लोर क्लिनिंग मशीन (सिंगल डिस्क), विधुत / बेट्री चालित ड्राई एण्ड वेट मोपिंग मशीन (ऑटो स्क्रबींग), कार्मशियल वैक्यूम क्लीनर, इन्सेक्टीसाइड स्प्रे–मशीन, हाईप्रेशर जैट टायलेट क्लिनिंग मशीन एवं शीशों की सफाई हेतु अत्याधुनिक उपकरण एवं अन्य उपकरण की सूची ,जो राजभवन एवं संविधान पार्क की सफाई हेतु उपयोग मे ली जायेगी का विवरण निम्नांकित तालिका में प्रस्तुत करावें। मशीनें आठ वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिये अर्थात मैन्यूफेक्चरिंग वर्ष 2015 या उसके बाद का होना चाहियेः–

| क्रं. सं. | मशीन का नाम/प्रकार | मालिकान स्थिति (स्वंय की/किराये की) मशीन का मेक/ब्राण्ड/निर्माता (बोलीदाता द्वारा भरा जावे ) | मेक वर्ष (बोलीदाता द्वारा भरा जावे) |
|---|---|---|---|
| 1 | फ्लोर क्लिनिंग मशीन (सिंगल डिस्क) | | |
| 2 | विधुत/बैट्री चालित ड्राई एण्ड वेट मोपिंग मशीन (ऑटो स्क्रबींग) | | |
| 3 | कार्मशियल वैक्यूम क्लीनर | | |
| 4 | इन्सेक्टीसाइड स्प्रे – मशीन | | |
| 5 | हाईप्रेशर जैट टायॅलेट क्लिनिंग मशीन | | |
| 6. | अन्य उपकरण | | |

10. उपयोग में ली जाने वाली सामग्री ब्राण्डेड एवं उच्च गुणवत्ता एवं Specification की होनी चाहिये। निरीक्षण के समय घटिया स्तर की सामग्री पाये जाने पर कन्ट्रोलर,राजभवन द्वारा उसे रिजेक्ट किया जा सकेगा।
11. मै/हम दिवालिया,रिसिवर के अधीन,शोधन अक्षम नहीं हुआ हूँ/हुये हैं या परिसमापन नहीं कर रहा हूँ/रहे हैं,न ही किसी न्यायालय या किसी न्यायिक अधिकारी द्वारा प्रशासित कार्यकलाप रखूँगा/रखेंगें,न अपने कारोबार के क्रियाकलाप निलंबित रखूँगा/रखेंगें और न पूर्वगामी कारणों में से किसी के लिये भी विधिक कार्यवाही के अध्यधीन होंगे।
12. मै/हम अपने वृतिक आचरण या उपापन प्रकिया के प्रारम्भ के पूर्ववर्ती तीन (2020–21,2021–22 एवं 2022–23) वर्ष की किसी कालावधि के भीतर कोई उपापन संविदा किये जाने के लिये अपनी अर्हताओं के बारे मे मिथ्या कथन या दुर्व्यपदेशन संबंधी किसी दांडिक अपराध के संबंध में न तो स्वयं,और न हमारे निदेशक और अधिकारी/कर्मचारी दोषसिद्ध हुये हैं,या विवर्जन कार्यवाही के अनुसरण में अन्यथा निर्हित हुये हैं।
13. **फर्म/संस्था/संवेदक/कम्पनी के ब्लैक लिस्टेड नहीं होने संबंधी घोषणा पत्र तकनीकी वाणिज्यिक ई–बोली प्रपत्र के साथ अपलोड़ करें।**
14. ई–बोली प्रतिभूति राशि एवं ई–बोली प्रपत्र शुल्क राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक **"वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर"** के नाम तथा ई–बोली प्रोससिंग फीस राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक **"M.D. RISL."** जयपुर के पक्ष में बनाना होगा। ई–बोली प्रतिभूति राशि,ई–बोली प्रपत्र शुल्क व ई–बोली प्रोसेसिंग फीस का **डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक दिनांक 14.09.2023 को दोपहर 1:00 बजे तक** राजभवन में उपस्थित होकर भौतिक रूप से जमा कराने होंगे।
15. संवेदक/बोलीदाता द्वारा वित्तीय बोली/प्राईस बिड को छोड़कर शेष ई–बोली दस्तावेजों को सम्बन्धित प्रमाण पत्र एवं कागजात के साथ तकनीकी वाणिज्यिक बोली के साथ हस्ताक्षरित कर,स्केन कर ई–प्रक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड़ करना है।वित्तीय बोली ई–प्रक्योरमेंट पोर्टल पर निर्धारित **BOQ** में भरना है।
16. तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में सफल बोलीदाता/संवेदक की ही वित्तीय बोली/प्राईस बिड़ खोली जावेगी।
17. हम ई–बोली आमंत्रण संख्या..............दिनांक.....................में वर्णित सभी शर्तो से तथा विभागीय शर्तो से संबंधित परिशिष्ट–अ,ब,स,द' एवं अनुलग्नक –A,B,C,D में वर्णित शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है।परिशिष्ट–अ,ब,स,द' 'एवं अनुलग्नक–A,B,C,D के समस्त पृष्ठों पर उनमें वर्णित शर्तो को स्वीकार किये जाने के प्रमाण–स्वरूप परिशिष्ट 'द'हस्ताक्षर कर दिये गये हैं तथा परिशिष्ट'द' हस्ताक्षर शुदा संलग्न हैं।
18. हम सम्पुष्टि करते हैं कि आवश्यक दस्तावेज के अभाव में बोली निरस्त करने योग्य है। आवश्यक दस्तावेज संलग्न किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| S.No. | Type of Certificate & Other informations | Yes/ No | Encloser No. |
|---|---|---|---|
| 1. | Whether Bid document fee is submitted in Physical form in Raj Bhawan ,Jaipur. Provide details: DD/Banker Cheque No………Date……… Rs............. | | |
| 2. | Whether Bid Security fee is submitted in Physical form in Raj Bhawan ,Jaipur. Provide details: DD/Banker Cheque No………Date……… Rs............. | | |
| 3. | Whether Bid processing fee is submitted in Physical form in Raj Bhawan ,Jaipur. Provide details: DD/Banker Cheque No………Date……… Rs............. | | |
| 4. | Copies of Registration Certificate as per point no. 06. | | |
| 5. | Whether the copies of work orders and completion certificates in support of Two years working experience with Government Departments as per point no. 07. (Certificate enclosed with the Technical Bid) | | |
| 6. | The required copy of audited financial statements of last Three years are enclosed with the Technical Bid as per point no. 08. | | |
| 7. | Whether the Cleaning equipments / Machine available with contractor as per point no. 09. | | |
| 8. | Whether the Bidder has been debarred/ Black Listed during last Three Years by State Government/Any Government/ Offices/ PSU as per point no. 13. | | |

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय मोहर

कंट्रोलर | वरिष्ठ लेखाधिकारी | उप सचिव द्वितीय

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन, जयपुर
## ई–बोली की सामान्य शर्तें

1. राजस्थान लोक उपापन के पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 जिसे आगे 'अधिनियम' एवं 'नियम' कहा गया है तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इससे संबंधित वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन, आदेश, निर्देश आदि प्रभावी रहेंगे। बोलीदाता को 'नियम' एवं 'अधिनियम' की पूर्ण जानकारी कर लेनी चाहिये। बोली दस्तावेज तथा उपर्युक्त 'अधिनियम''नियम' में किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर उक्त 'अधिनियम' एवं 'नियम' के प्रावधान ही प्रभावी होंगे।
2. यह द्वि–प्रक्रमी बोली है, जिसमें तकनीकी बिड व वित्तीय बिड पृथक–पृथक प्रपत्रों में ऑन लाईन प्रस्तुत की जानी है। निर्धारित बोली दस्तावेज शुल्क एवं बोली प्रतिभूति राशि वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर के पक्ष में देय पृथक–पृथक बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में राजभवन में भौतिक रूप से जमा करानी होगी।
3. प्रोसेसिंग फीस राशि रूपये 500/–Managing Director R.I.S.L. के नाम जारी बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में पृथक से जमा करानी होगी। निर्धारित बोली शुल्क,बोली प्रतिभूति राशि एवं प्रोसेसिंग फीस के अलग–अलग बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट को ऑन लाईन बोली के साथ स्केन करके प्रस्तुत करना होगा तथा दिनांक 14.09.2023 को दोपहर 1.00 बजे तक राजभवन कार्यालय में उपस्थित होकर भौतिक रूप से बोली शुल्क,बोली प्रतिभूति राशि एवं प्रोसेसिग फीस के बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने होंगे। निर्धारित बोली शुल्क,बोली प्रतिभूति राशि, प्रोसेसिंग फीस के अभाव में तकनीकी बिड नहीं खोली जावेगी। बोली दस्तावेज शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस किसी भी परिस्थिति में नहीं लौटाया जावेगा।
4. उपापन समिति द्वारा तकनीकी बिड परीक्षण के पश्चात योग्य पाये जाने वाले बोली दाताओं की वित्तीय बिड खोलने की तारीख व समय से पृथक से अवगत करा दिया जावेगा। निर्धारित समय पर उपस्थित बोलीदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष वित्तीय बिड खोली जावेगी।
5. जो बोलीदाता ई–बोली (e-Bid) में भाग लेना चाहते है, सर्वप्रथम उन्हे वैबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर पंजीकरण कराना होगा। उसके पश्चात जो बोलीदाता ऑनलाईन बोली में भाग लेना चाहते है, उन्हे सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (I.T. Act 2000) के तहत डिजीटल साइन सर्टिफिकेट (Type II & Type III) लेना होगा। बोलीदाता किसी भी अनुमोदित सी.सी.ए. (Certificate Certifying Authority) एजेन्सी से डिजीटल साइन सर्टिफिकेट बनवा सकते है। जिन बोलीदाताओं के पास पहले से ही उक्तानुसार वैध डिजीटल साइन सर्टिफिकेट उपलब्ध है, उन्हें पुनः डिजीटल साइन सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
6. जो बोलीदाता ई–बोली में भाग लेना चाहते है वे वांछित दस्तावेजों के साथ वैबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑन लाईन इलैक्ट्रोनिक फोरमेट में निर्धारित दिनांक 14.09.2023 दोपहर 12:30 बजे तक बोली प्रस्तुत कर सकते है।
7. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम,1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11,वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
8. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 एव कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि स्केन कर पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ प्रस्तुत की जायेगी, यदि नियमों के अर्न्तगत बोलीदाता पंजीकरण बाध्यता की सीमा में नहीं है तो वह वित्त (जी एण्ड टी ) विभाग **के परिपत्र दिनाकं 14.11.2018 के अनुसार शपथ–पत्र** प्रस्तुत करते हुये बोली में भाग ले सकता है।
9. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातो में ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खातें में जमा कराई गई राशि का विवरण सम्बन्धित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।
10. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
11. श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्वि होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
12. संवेदक को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ. एवं. ई.एस.आई जगा कराना होगा,जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और संवेदक का अंशदान शामिल होगा। संवेदक द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ. और ई. एस.आई के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में सम्बन्धित चालान की प्रति प्रस्तुत किए जाने पर ही संवेदक को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।
13. संवेदक द्वारा प्रत्येक कार्य स्थल पर Display Boards लगाये जायेंगे,जिन पर संवेदक का पूरा नाम,संविदा अवधि,कार्य की प्रगति,श्रमिकों हेतु हेल्पलाईन नम्बर एवं संवेदक द्वारा न्यूनतम मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत करने सम्बन्धी प्रावधान का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा।
14. राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ.एवं ई. एस. आई की राशि जमा कराने का दायित्व संवेदक का होगा।
15. संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर कार्य पर लागू होने पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि नियमानुसार अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करो को जमा करवाने की जिम्मेदारी संवेदक की ही होगी। संवेदक द्वारा गत माह मे जमा कराये गये वस्तु एवं सेवा कर (GST) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवा कर (GST) की राशि जमा कराने के प्रमाण स्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नहीं किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवा कर (GST)

का भुगतान नहीं किया जायेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवा कर (GST) के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तदयायित्व संवेदक का होगा।

16. श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व संवेदक का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों उपनियमों,अधिसूचनाओं,दिशा निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिये संवेदक स्वंय उत्तरदायी होगा।
17. यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिये उपापन संस्था का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 एवं राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन कराने के लिए उत्तरदायी होगा।
18. नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।
19. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई करवाने/सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिये उपापन संस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
20. यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत उपापन संस्था को प्राप्त होती है तो उपापन संस्था इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगी और,नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को Debar कराने की कार्यवाही करेगी।
21. यदि किसी संस्था द्वारा कार्य की विशिष्ट प्रकृति के मद्देनजर किसी निर्धारित प्रतिशत में कोई अतिरिक्त राशि मानव संसाधन हेतु स्वीकृति करा रखी हो, तो उक्त अतिरिक्त राशि को न्यूनतम मजदूरी में सम्मिलित नहीं करते हुए, इसे पृथक से भुगतान हेतु अंकित किया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त राशि के रूप में न्यूनतम मजदूरी का 10 प्रतिशत की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर रखी है तो न्यूनतम मजदूरी के ऊपर 10 प्रतिशत का पृथक से भुगतान संवेदक को किया जायेगा। उक्तानुसार विशिष्ट कार्य करने वाले सम्बन्धित श्रमिक को 10 प्रतिशत (न्यूनतम मजदूरी का) अतिरिक्त भुगतान करने का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
22. उपापन संस्था द्वारा संवेदक को कार्य आदेश जारी करने के पश्चात कार्यादेश की प्रति श्रम विभाग को सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी एवं श्रम विभाग मुख्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जायेगी।
23. स्वीपर/पर्यवेक्षक की संख्या में कमी/वृद्वि की जा सकती है। किसी न्यूनतम संख्या की गारंटी नही दी जायेगी एवं उपाप्त संख्या में कमी या उपाप्त नहीं करने की स्थिति में बोलीदाता किसी भी दावे या प्रतिकर का आधार नहीं होगा। स्वीपर/पर्यवेक्षक कार्मिक की संख्या वृद्वि होने पर अनुबंधित संवेदक/बोलीदाता द्वारा बोली की शर्त,निबंधन एवं दर आदेशित समय एवं स्थान पर स्वीपर/पर्यवेक्षक कार्मिक उपलब्ध करवाना होगा।
24. अनुबंधित बोलीदाता/संवेदक द्वारा संविदा के चालू रहने के दौरान किसी भी समय राज्य में किसी को संविदा कीमत से कम कीमत पर स्वीपर/पर्यवेक्षक कार्मिक उपलब्ध कराने के लिए उनकी कीमत कोटकर्ता करता है/कम करता है तो उस संविदा के अधीन स्वीपर/पर्यवेक्षक कार्मिक,कीमत कम करने या कोट करने की तारीख से स्वतः कम हो जायेगी और संविदा तदनुसार संशोधित की जायेगी।
25. इस कार्यालय द्वारा विद्यमान संविदा उसी कीमत, निबंधनों और शर्तो पर नियमानुसार कालावधि के लिए बढाई जा सकेगी, यदि संविधा के अधीन स्वीपर/पर्यवेक्षक कार्मिक उपाप्त किये जाने या उसके घटकों की बाजार कीमते इस कालावधि के दौरान गिर न गई हो।
26. बोली की विधि मान्यता 90 दिन की अवधि के लिए विधि मान्य होगी।
27. बोलीदाता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य ऐजेन्सी के लिए नहीं सौपेगा या भाडे (Sub-let) पर नहीं देगा।
28. ई–बोली की दरें अनुबंध की दिनांक से एक वर्ष के लिए अनुबंधित की जावेगी। जिनकी नियमानुसार समयावधि एवं राशि बढाई जा सकेगी। संविदा अवधि के दौरान निरन्तर असन्तोषजनक सफाई कार्य करने या करार पत्र के उल्लघन करने पर उपान संस्था द्वारा नियमानुसार संविदा को निरस्त किया जा सकेगा।
29. मूल्यांकन की कसौटी–तकनीकी–वाणिज्यिक बोल में सफल/क्वालिफाइड बोलीदाता /संवेदक की कुल न्यूनतम कीमत के आधार पर वित्तीय बोली बिड का मूल्यांकन किया जावेगा। यदि यह पाया जाता है कि बोलीदाता द्वारा प्रस्तावित देरें (सामग्री/उपकरण किराया एवं सर्विस चार्ज) न्यूनतम व्यय को पूरा करने हेतु व्यवहारिक नही पाई जाती है। तो उपापन समिति बोलीदाता को विस्तृत दर औचित्य प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित कर सकती है। यदि बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत औचित्य उपापन समिति द्वारा स्वीकार्य नहीं पाया जाता है तो न्यूनतम बोलीदाता के प्रस्ताव को अस्वीकृत किया जा सकता है।
30. बोली प्रतिभूति का समपहरण (Forfeiture of bid Security) बोली प्रतिभुति का निम्नलिखित मामलों में समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगाः–
    (क) जब बोलीदाता बोली खुलने के बाद किन्तु बोली को स्वीकार करने के पूर्व अपने प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण (Modification) करता है।
    (ख) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार निष्पादित नहीं करता है।
    (ग) जब बोलीदाता बोली स्वीकृति की सूचना के पश्चात कार्य सम्पादन प्रतिभूति जमा नहीं कराता है।
    (घ) जब सफल बोलीदाता निर्धारित सप्लाई अवधि में सफाई कार्य प्रारम्भ नहीं करता।
    (ड.) यदि बोली लगाने वाला अधिनियम और इन नियमों के अध्याय–6 में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालों के लिए विहित सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबंध को भंग करता है।
31. **करार एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security)**
    (अ) ई–बोली आमंत्रण में अंकित सेवा की आपूर्ति हेतु सफल बोलीदाता को बोली स्वीकृति आदेश पत्र की दिनांक से 7 दिवस में सेवा के प्रदाय आदेश की नियमानुसार राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रूप मे डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक निदेशक, कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर के नाम पर जमा करानी होगी एवं 1000/–रूपये राशि के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम में निर्धारित एस. आर. प्रारूप 17 में एक करार पत्र निष्पादन करना होगा। जिसका व्यय सफल बोलीदाता को वहन करना होगा।
    (ब) सफल बोली लगाने वाले की दशा में, बोली प्रतिभूति की रकम कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम में समायोजित की जा सकती है

या लौटायी जा सकती है यदि सफल बोली लगाने वाला पूर्ण रकम की कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि दे देता है।

(स) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नहीं किया जाऐगा।

32. **कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का समपहरण (Forfeiture of work Performance Security Deposit) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नांकित मामलों में समपहरण (Forfeiture) किया जा सकेगाः–**

(क) जब संविदा की शर्तो का उल्लघंन किया गया हो।

(ख) जब बोलीदाता सम्पूर्ण सफाई सेवा कार्य संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।

(ग) जब बोलीदाता सेवा कार्य आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि में सेवा कार्य आरम्भ करने में असफल रहता हो। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के समपहरण करने के मामलों में युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर दिया जायेगा। इस संबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा।

33. **भुगतानः–**

(i) भुगतान मासिक तौर पर महीना समाप्ति के बाद संतोषप्रद रूप से कार्य सम्पन्न किये जाने पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार उचित प्रारूप में बिल तीन प्रतियों में प्रस्तुत करने पर सीधे बोलीदाता के बैंक खाते में कोषालय के माध्यम से किया जायेगा तथा वसूलियां यदि कोई हो तो उन्हें प्रभावित किया जावेगा।

(ii) बिल का भुगतान अनुबंध की शर्तो के अनुसार किया जावेगा। सफाई निरीक्षण अधिकारी/समिति की सकारात्मक रिर्पोट/सत्यापन उपरान्त बजट उपलब्धता अनुसार आवश्यक कर/वसूली की कटौती उपरान्त किया जावेगा।

34. **संवेदक को हाउसकीपिंग कार्य समय पर करवाने होंगें। अपेक्षित प्रमुख कार्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः–**

| क्र.सं. | स्थान | कार्य विवरण | आवृति |
|---|---|---|---|
| 1. | राजभवन सचिवालय के सभी तलों पर स्थित समस्त कार्यालय कक्षों, सचिव महोदय एवं अन्य अधिकारियों के चैम्बर्स एवं समस्त अनुभाग | मेज,कुर्सी,दरवाजे,पर्दे/ब्लाइंडस,छत के कोने एवं फर्श इत्यादि का सफाई कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 2. | राजभवन सचिवालय के प्रत्येक तल पर स्थित कोरीडोर/गलियारा/बारामदा एवं सीढीयॉ | फर्श का सफाई कार्य | दिन में दो बार एवं आवश्यकतानुसार |
| | | छत (भीतर से),दीवार,दीवार पर लगे कार्च तस्वीरें,दरवाजे इत्यादि। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 3. | राजभवन के प्रत्येक तल पर स्थित समस्त टायॅलेटस | सम्पूर्ण क्षेत्र | दिन में दो बार एवं आवश्यकतानुसार |
| 4. | कान्फ्रेंस रूम/कॉमन रूम/बैंक्वेट हालें | फर्श,छत (भीतर से) मेज,कुर्सी,सोफा, सेण्टर टेबल,टी. वी.,दीवार,दीवार पर लगे कार्च तस्वीरें, दरवाजे एवं खिडकियां इत्यादि। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 5. | राजभवन अतिथिगृह के सभी कक्षों,विजिटर्स रूम, डायनिंग हालें,कोरीडोर,सीढी,बारामदा एवं टायॅलेटस | गेस्ट हाऊस के सभी टायलेटस एवं बारामदे की धुलाई,छत (भीतर से),दीवार, दीवार पर लगे कार्च तस्वीरें, दरवाजे इत्यादि। | दिन में दो बार एवं आवश्यकतानुसार |
| | | गेस्ट हाऊस के सभी टायलेटस एवं बारामदे की धुलाई,छत (भीतर से), दीवार,दीवार पर लगे कार्च तस्वीरें, दरवाजे इत्यादि। | दिन में दो बार एवं आवश्यकतानुसार |
| 6. | पुस्तकालय एवं अभिलेखागार | पुस्तकालय एवं अभिलेखागार में स्थापित बुक कैरियर आलमारी इत्यादि की आधुनिक यंत्रों द्वारा सफाई कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 7. | टेनिस कोर्ट,जिम,सचिवालय बैक साईड गेलरी,गैराज, स्टाफ केंटीन एवं अन्य स्थान | टेनिस कोर्ट, जिम,सचिवालय बैक साईड गेलरी,गैराज एवं अन्य स्थान की संपूर्ण साफ–सफाई का कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 8. | राजभवन की सभी छतो,अण्डरग्राउण्ड वाटर टेंको, खुली जगहों तथा सभी मुख्य द्वार एवं रिक्त आवास | खुली जगहों तथा सभी मुख्यद्वार | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| | | अण्डरग्राउण्ड वाटर टेंकों की सफाई | दो माह में एक बार आवश्यकतानुसार |
| | | सभी छतें | सप्ताह में एक बार आवश्यकतानुसार |
| | | रिक्त आवास | माह में एक बार |
| 9. | संविधान पार्क | संविधान पार्क में स्थापित समस्त मुर्तियां, शिलालेखों,कलाकृतियों,फव्वारों एवं फर्श की साफ–सफाई कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |

**35. हर्जाना/शास्ती :–**

| क्र.सं. | स्थान | कार्य विवरण | आवृति | शास्ती राशि रू. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजभवन सचिवालय के सभी तलों पर स्थित समस्त कार्यालय कक्षों, प्रमुख सचिव महोदय एवं अन्य अधिकारियों के चैम्बर्स एवं समस्त अनुभाग | मेज,कुर्सी,दरवाजे,पर्दे/ब्लाइंडस, छत के कोने एवं फर्श इत्यादि का सफाई कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500/– प्रतिदिन |
| 2. | राजभवन सचिवालय के प्रत्येक तल पर स्थित कोरीडोर/गलियारा/बारामदा एवं सीढीयॉ | फर्श का सफाई कार्य | दिन में दो बार एवं आवश्यकतानुसार | रू.500/– प्रतिदिन |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | छत (भीतर से),दीवारें,दीवारों पर लगे कार्च तस्वीरें,दरवाजे इत्यादि। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| 3. | राजभवन के प्रत्येक तल पर स्थित समस्त टायॅलेटस | सम्पूर्ण क्षेत्र | दिन में दो बार एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| 4. | कान्फ्रेंस रूम / कॉमन रूम / बैंक्वेट हालॅ | फर्श,छत (भीतर से) मेज,कुर्सी,सोफा, सेंटर टेबल,टी.वी.दीवारें,दीवारों पर लगे कॉच, तस्वीरें,दरवाजे एवं खिडकियां इत्यादि। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| 5. | राजभवन अतिथिग्रह के सभी कक्षों, विजिटर्स रूम, डायनिंग हालॅ, कोरीडोर, सीढी, बारामदा एवं टायॅलेटस | सभी 13 गेस्ट रूमों, 2 डायनिंग रूम,2 पेन्ट्री एवं सिटिंग रूम में झाडू,पौचा / सूमा (फिनाईलयुक्त) फिक्सचर्स इक्वीपमैन्टस, फर्नीचर आईटम्स,सोफा,कारपेटस / दरियों की सफाई(मशीनों से),(मशीनों से), पर्दे,दरवाजे खिडकियां एवं दाग धब्बे छुडाने का कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| | | गेस्ट हाऊस के सभी टायलेटस एवं बारामदे की धुलाई,छत (भीतर से), दीवार,दीवार पर लगे कार्च तस्वीरें, दरवाजे इत्यादि। | दिन में दो बार एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| 6. | पुस्तकालय एवं अभिलेखागार | पुस्तकालय एवं अभिलेखागार में स्थापित बुक कैरियर आलमारी इत्यादि की आधुनिक यंत्रों द्वारा सफाई कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| 7. | टेनिस कोर्ट, जिम, सचिवालय बैक साईड गेलरी, गैराज, स्टाफ केंटीन एवं अन्य स्थान | टेनिस कोर्ट,जिम,सचिवालय बैक साईड गेलरी,गैराज एवं अन्य स्थान की संपूर्ण साफ–सफाई का कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| 8. | राजभवन की सभी छतो,अण्डरग्राउण्ड वाटर टेंको,खुली जगहों तथा सभी मुख्य द्वार एवं रिक्त आवास | खुली जगहों तथा सभी मुख्य द्वार | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |
| | | अण्डरग्राउण्ड वाटर टेंक, | दो माह में एक बार आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिमाह |
| | | सभी छतो, | सप्ताह में एक बार आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिसप्ताह |
| | | रिक्त आवास | माह में एक बार | रू.500 /– प्रतिमाह |
| 9. | सविंधान पार्क | सविंधान पार्क में स्थापित समस्त मुर्तियां, शिलालेखों,कलाकृतियों,फव्वारों एवं फर्श की साफ–सफाई कार्य। | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार | रू.500 /– प्रतिदिन |

36. बोली के साथ सभी वांछित दस्तावेज / प्रमाण–पत्र बोली जमा कराने की अंतिम तिथि को वैध होने चाहिए।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय मोहर

**कंट्रोलर** **वरिष्ठ लेखाधिकारी** **उप सचिव द्वितीय**

परिशिष्ट "स"

# राज्यपाल सचिवालय
# राजभवन,जयपुर

**राजभवन परिसर जयपुर में जॉब बेसिस (कार्य आधार) पर अतिथि गृह, सचिवालय कक्षों, संविधान पार्क एवं अन्य स्थानों पर दैनिक साफ–सफाई कार्य की विशिष्ट शर्ते :–**

1. बोली संबंधित समस्त पत्राचार कंट्रोलर राज्यपाल हाउसहोल्ड,राजभवन जयपुर के नाम करना होगा।बोली के संबंध में किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही जयपुर में ही मान्य होगी।
